धान का समर्थन मूल्य 117 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा, तुअर/अरहर का 550 रुपये

2024-25 खरीफ विपणन मौसम के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 117 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है, जिसकी घोषणा भारत सरकार ने 19 जून, 2024 शाम को की।

धान की सामान्य व ग्रेड ए किस्मों का एम एस पी क्रमशः 2,300 रुपये प्रति क्विंटल व 2,320 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि 2023-24 खरीफ विपणन मौसम के दौरान यह 2,183 रुपये प्रति क्विंटल और 2,203 रुपये प्रति क्विंटल था। मक्का का समर्थन मूल्य 135 रुपये बढ़ाकर 2,225 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

दलहनों में तुअर/अरहर का न्यूनतम समर्थन मूल्य 550 रुपये बढ़कर 7,550 प्रति क्विंटल हो गया है। उड़द और मूंग का समर्थन मूल्य क्रमशः 550 रुपये व 124 बढ़ाकर 7,400 रुपये प्रति क्विंटल व 8,682 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

खरीफ तिलहनों में नाईजरसीड (रामतिल) का एम एस पी 983 रुपये बढ़ाकर 8,717 रुपये प्रति क्विंटल व तिल का एम एस पी 632 रुपये बढ़ाकर 9,267 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। मूंगफली का समर्थन मूल्य 406 रुपये बढ़कर 6,783 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। सोयाबीन (पीली) का एम एस पी 292 रुपये बढ़ाकर 4,892 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

मध्यम और लंबे रेशे वाली कपास का न्यूनतम समर्थन मूल्य 501 रुपये बढ़ाकर क्रमशः 7,121 रुपये प्रति क्विंटल और 7,521 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

2024-25 खरीफ विपणन मौसम में सरकारी खरीद के लिए फ़सलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य

फ़सल	2024-25 के लिए एम एस पी (रुपए/कुइंटल)	2023-24 के लिए एम एस पी (रुपए/कुइंटल)	बढ़ौतरी (रुपए/कुइंटल)	बढ़ौतरी (प्रतिशत)
धान (सामान्य)	2,300	2,183	117	5.35%
धान (ग्रेड ए)	2,320	2,203	117	5.31%
ज्वार (हाइब्रिड)	3,371	3,180	191	6%
ज्वार (मलदंडी)	3,421	3,225	196	6.08%
बाजरा	2,625	2,500	125	5%
रागी	4,290	3,846	444	11.54%
मक्का	2,225	2,090	135	6.46%
तुअर (अरहर)	7,550	7,000	550	7.86%
मूंग	8,682	8,558	124	1.45%
उड़द	7,400	6,950	450	6.47%
मूंगफली	6,783	6,377	406	6.37%
सूरजमुखी के बीज	7,280	6,760	520	7.7%
सोयाबीन (पीली)	4,892	4,600	292	6.35%
तिल	9,267	8,635	632	7.32%
नाइजरसीड	8,717	7,734	983	12.71%
कपास (मध्यम रेशा)	7,121	6,620	501	7.57%
कपास (लंबा रेशा)	7,521	7,020	501	7.14%